### एक नजर में

#### कायस्थ महापरिषद में पदाधिकारी नियुक्त

**ब्यावरा 17 अगस्त, का.** वरिष्ठ समाजसेवी शिवचरण सक्सेना प्रांतीय संगठन सचिव निर्वाचित अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद के द्वारा अपनी टीम का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है . राजगढ़ जिले के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शिवचरण सक्सेना हांसरोद वालों को प्रांतीय संगठन सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. जबकि सुनील सक्सेना को प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं शिक्षक अशोक सक्सेना ब्यावरा को कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष तथा श्याम निगम को भोपाल संभाग का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है. यह सभी नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी द्वारा की गई है. पदाधिकारियों के मनोनयन से समाज बंधुओं में हर्ष व्याप्त है तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है.

#### हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्मोत्सव



**सारंगपुर 17 अगस्त, सं.** शनिवार को श्री कृष्ण भगवान की जन्माष्टमी के उपलक्ष में नगर के भेरू दरवाजा फुलमाली समाज के श्री राम मंदिर, महाकाल चौराहा पर स्वर्णकार समाज मंदिर राधा कृष्ण कम्पलेक्स, पंडितवाडी राठौर समाज मंदिर मैं राठौर समाज द्वारा राधा कृष्ण मंदिर को विशेष रूप से जगमग रोशनी एवं गुब्बारों के साथ सजाया गया. वही रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव दीप प्रज्वलित कर महा आरती की गई. वही श्री कृष्ण के बाल रूप को झूले में विराजमान कर श्रद्धालुओं द्वारा श्री कृष्ण के दर्शन कर झूला झुलाया गया. नगर के मुखर्जी चौक मैं हिंदू उत्सव समिति द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम रखा. जिसमें कई युवा वर्ग की टीम ने भाग लेकर मटकी फोड़ कार्यक्रम को सफल बनाया. इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल,हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, वरिष्ठ समाज सेवी महेश पाटीदार, महेश प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,संतोष प्रजापति, लक्ष्मी नारायण त्रिकार,एवं पंडितवाड़ी राम मंदिर, पटवारी कला मंदिर, विजयवर्गीय समाज, चतुर्भुज नारायण मंदिर, मुखर्जी चौक चौहान समाज मंदिर, बदलीपुरा हनुमान मंदिर एवं नगर के सभी मंदिरों मैं भजन कीर्तन करते हुए श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. तत्पश्चात सभी मंदिरों में प्रसाद वितरण की गई. मटकी फोड़ आयोजन में इस अवसर पर भेरू दरवाजा फुलमाली समाज अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, सचिव सुरेश पुष्पद, संजय मेडिकल, जीवन पुष्पद, रामेश्वर पुष्पद, धीरज पुष्पद, वही राठौर समाज मंदिर मे राठौर समाज अध्यक्ष सतीश राठौर, कोषाध्यक्ष कमल राठौर, नवयुग राठौर समाज अध्यक्ष नरेंद्र राठौर, उपाध्यक्ष गोपाल राठौर, दिनेश राठौर, मनीष राठौर, प्रकाश राठोर, कन्नू राठौर, सुनील राठौर, जगदीश राठौर, दीपक राठौर, मोती राठौर एवं अन्य समाज जन उपस्थित रहे। वहीं पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा जगह-जगह मंदिरों में थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने नगर के मंदिरों में पुलिस तैनात की गई.

# पटवारी पुत्र लापता होने से परिवार बेचैन

## पटवारी अनुराग सारई के बालक की गुमशुदगी से सभी व्याकुल

**पुलिस और परिजन बालक की तलाश में जुटे**

**9वीं में पढ़ रहे छात्र के इंदौर जाने की खबर**

**बालक आदित्य सारई के अचानक लापता होने से सभी दु:खी**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 17 अगस्त. राजगढ़ निवासी कक्षा 9 वीं का एक छात्र रविवार की सुबह अचानक एकाएक लापता हो गया. परिजन, पुलिस एवं मिलने-जुलने वाले बालक की तलाश में जुटे है. बालक राजगढ़ रहने वाले पटवारी अनुराग सारई का है जिसका नाम आदित्य है.**

जानकारी के अनुसार राजगढ़ स्थित गणेश चौक तिलक मार्ग निवासी पटवारी अनुराग सराई का पुत्र आदित्य सारई जो कि स्वामी विवेकानंद स्कूल की कक्षा 9 वीं का छात्र है. वह रविवार की सुबह 9 बजे अचानक घर से कहीं चला गया. बालक किसके साथ गया और क्यों गया इसकी तलाश की जा रही है.

पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने सभी ओर अपनी चौकसी बढ़ा दी है. परिजनों के अनुसार बालक सहज, सरल स्वभाव का है.

### सीसीटीवी से पता लगा इंदौर बस में बैठा

पुलिस द्वारा बालक को तलाशने विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है. जानकारी के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में बालक राजगढ़ से इंदौर जाने वाली बस में बैठा हुआ नजर आने की जानकारी मिली है.

पुलिस द्वारा इस दिशा में तलाश शुरु कर दी है. सीसीटीवी फुटेज के अनुसार बालक की तलाश की जा रही है. कोतवाली थाना प्रभारी हरिओम रघुवंशी के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में प्रात: 10 बजे राजगढ़ से इंदौर जाने वाली बस में बालक सवार होता हुआ दिखाई दिया है.

फुटेज के अनुसार उसी दिशा में सरगर्मी के साथ बालक की तलाश की जा रही है. पुलिस ने इंदौर के साथ ही रास्तों के सभी थाना प्रभारियों को सूचित करते हुए सरगर्मी के साथ उसकी तलाश की जा रही है.

### देर तक नहीं लौटा तब चिंतित हुए परिजन

सुबह घर से निकला बालक देर बाद भी नहीं लौटा तो परिजनों ने सोचा कि रविवार होने के चलते किसी दोस्त के यहां गया होगा . जब कई घंटे बीतने के बाद भी वह नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरु की . नगर भर में, पिकनिक वाले स्थानों, मंदिर सहित अन्य जगह पर बालक को खोजा गया किंतु उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया . परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना देने के बाद पुलिस द्वारा गहन तलाशी की जा रही है .



### परिवार का मोबाइल लेकर गया बालक

पुलिस के अनुसार बालक आदित्य सारई उसके परिवार के किसी सदस्य का मोबाईल साथ लेकर गया है . उसके पास खुद का तो कोई मोबाईल नहीं था लेकिन वह परिवार के सदस्यों का मोबाईल चलाता रहता था .

आदित्य जो मोबाईल साथ ले गया है वह पुराना तो है लेकिन एण्ड्राईड ही है . ऐसे में पुलिस तमाम आशंकाओं की ओर ध्यान देते हुए अपनी जांच-पड़ताल में लगी है . मोबाईल बंद भी बता रहा है . पुलिस ने चहुंओर अपनी चौकसी बड़ाई है ताकि बालक को सकुशल वापस लाया जा सके .

# महादान मानकर किया 251 यूनिट रक्तदान

## परोपकारिणी सभा द्वारा पचोर में लगाया गया रक्तदान शिविर



**नवभारत न्यूज**

**पचोर/ब्यावरा 17 अगस्त. पचोर स्थित परोपकारिणी सभा के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर नगर के शासकीय अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए 251 यूनिट रक्तदान किया.**

गौरतलब है कि पचोर स्थित परोपकारिणी सभा के द्वारा हर वर्ष 15 अगस्त एवं 12 जनवरी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है. शुक्रवार 15 अगस्त पर शासकीय अस्पताल प्रांगण में शिविर आयोजित किया जिसमें 251 नागरिकों ने शामिल होकर रक्तदान किया.

**युवा, बड़े सभी उत्साहित** रक्तदान करने युवा, बड़े, वरिष्ठजनों ने अस्पताल पहुंचकर उत्साह के साथ रक्तदान किया. रक्तदान के प्रति उनका भाव देखते ही बन रहा था. रक्तदान महादान, रक्तदान जीवनदान के उद्देश्य को लेकर पचोर स्थित परोपकारिणी सभा द्वारा रक्तदान शिविर रखा जाता है. बीते वर्षो से आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में 250 से 300 यूनिट के बीच रक्तदान हो जाता है.

# शाही सवारी का भव्य स्वागत, एक से बढ़कर एक करतब दिखाए

## छापीश्वर महादेव एवं जनपद महाकाल ने नगर भ्रमण किया

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर17 अगस्त, सं. नगर में हरि ऊं ग्रुप बस स्टैंड के तत्वाधान में 18 वीं शाही सवारी शिव शंकर ताल छापीश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए.**

छापीडेम स्थित शिवालय पर श्रावण मास की पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन भगवान शिव की महाआरती के साथ हुआ. वाहनों पर झांकी सजाई गई. वाल्मिकी अखाड़े के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक करतब दिखाए . शाही सवारी के साथ भजन-



कीर्तन मण्डल एवं जनपद महांकाल मंदिर की सवारी भी निकली. रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालु भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से



आशीर्वाद प्राप्त किया. सवारी में शामिल लोग नाचते गाते हुए चल रहे थे. उज्जैन अंगोरी मण्डल के कलाकार विभिन्न वेशभूषा में चल रहे थे. आगर मालवा की तोप पार्टी, तिरंगा मित्र मण्डल,गो पुत्र सेना, मां शारदा कीर्तन मण्डली, हटीले हनुमान मंदिर ताशा पार्टी आवास के कलाकार प्रदर्शन कर रहे थे.

# सरस्वती शिशु मंदिर से निकाली शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**

**माचलपुर 17 अगस्त, सं. माचलपुर समीप्रस्थ ग्राम गोघटपूर में श्री कृष्णा जन्माष्टमी के उपलक्ष में मां लोक शिक्षण समिति जिला राजगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर गोघटपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव विद्यालय में मनाया गया.**




विद्यालय द्वारा नगर में आकर्षक झांकी निकाली गई एवं भैया श्री कृष्ण रूप में एवं बहनों ने राधा के रूप में उत्सव में भाग लिया जिसमें भैया बहनों द्वारा डीजे की धुन पर नृत्य किया गया नगर गोघटपुर के गणमान्य नागरिको ने उत्साह पूर्वक भाग लिया नगर के मंत्री श्रीलाल सोंधिया द्वारा राधा कृष्ण का माखन मिश्री से स्वागत कर प्रसाद का वितरण किया.विद्यालय में भगवान श्री कृष्ण जी की आरती की गई. विद्यालय के आचार्य परिवार एवं संयोजक मंडल समिति के सदस्य गण नगर के जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे.




# सेवा केन्द्र पर मनाया जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 अगस्त, का. शहीद कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया.**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के आध्यात्मिक रहस्य से अवगत कराते हुए ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने कहा कि श्रीकृष्ण सतयुग के प्रथम महाराजकुमार हैं, सर्वगुण संपन्न, 16 कला संपूर्ण , संपूर्ण निर्विकारी, मर्यादा पुरुषोत्तम ,अहिंसा परमो धर्म वाले है. उन्हें मन मोहन, चित्तचोर भी कहा गया है क्योंकि वे मन को मोहने वाले,चित्त को चुराने वाले है. आज के दिन मटकी फोड़ी जाती है तो हमें भी अपने अभिमान की मटकी फोड़नी है. तभी ज्ञान रूपी मक्खन को हम ग्रहण कर सकेंगे. ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने सभी अतिथियों का तिलक, पुष्प के द्वारा स्वागत किया. कार्यक्रम में कु. हर्षिता ने श्री कृष्ण के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी. श्री कृष्ण की आरती की गई. प्रसादी वितरण हुआ. श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई. इस अवसर पर डॉ. कैलाश मिश्रा, एडवोकेट गोपाल शाक्यवार , ब्यावरा सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी , ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी उपस्थित रहे.

### जप्त की दो सौ लीटर शराब

**ब्यावरा/राजगढ़ 17 अगस्त, का.** पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसडीओपी के मार्गदर्शन में देहात पुलिस द्वारा 200 लीटर शराब, अंग्रेजी शराब बरामद की जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी गई है. थाना देहात ब्यावरा, थाना सिटी ब्यावरा एवं थाना करनवास की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कटरियाखेड़ी क्षेत्र में अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश दी. कुल मिलाकर लगभग 200 लीटर देशी मदिरा एवं 170 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब, एक पेटी रम, 90 बीयर की केन, 23 क्वाटर की अंग्रेजी शराब जप्त की गई .

# स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल पर ऊबड़-खाबड़ रास्ते से पहुंचे

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 17 अगस्त, सं.** स्वतंत्रता दिवस का पर्व नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया. नगर में मुख्य समारोह स्थल पर पहुंचने के लिए उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर जाना पड़ा.

मुख्य समारोह में ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुरीबाई कालुसिंह तोमर ने किया. मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन सीईओ रणजीत रघुवंशी ने किया. स्वतंत्रता दिवस को लेकर विद्यार्थियों में भारी उत्साह का वातावरण देखा गया. नगर के विभिन्न मार्गो से विशाल प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें नगर की शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया प्रभात फेरी मुख्य समारोह स्थल पहुंची. पूर्व की तरह एक बार फिर अव्यवस्था सामने आई. रास्ता अव्यवस्थित होकर ऊबड़-खाबड़ एवं परिसर में कीचड़ मचा था. जबकि त्योहारों से पहले वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक की जाती है. जहां पर हर बार आने वाली समस्या से अवगत कराते हैं लेकिन फिर भी समस्या सामने आई. जनपद पंचायत परिसर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुरीबाई-कालुसिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया. नगर परिषद में श्रीमती अनुसूया कुशवाह ने ध्वज फहराया. यहां अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने कहा कि नगर परिषद विकास के प्रति तत्पर है जो विकास कार्य अभी शेष है उनको पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास जारी है, विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा सिटी पोर्शन में सड़क निर्माण एवं सौंदरीकरण के कार्य स्वीकृत करवाये जो शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करवाये जायेंगे. तहसील कार्यालय में तहसीलदार आरपी सिंह गौड़ , कृषि उपज मंडी समिति में सचिव हरीप्रसाद वर्मा , विपणन सहकारी संस्था में प्रबंधक बीरमसिंह चौहान ,थाना परिसर में टीआई रवि ठाकुर , होटल नक्षत्र में जगदीश वर्मा ठेकेदार ने ध्वज फहराया.

# विधायक दांगी ने किया सामुदायिक भवन का भूमि पूजन

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 17 अगस्त, सं. ग्राम पंचायत गोघटपुर में विधायक हजारीलाल दांगी ने विधायक निधि से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन सहित विभिन्न कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया.**

विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता है इस दौरान खाम वाले बालाजी मंदिर पर विधायक निधि से बनने वाले 5 लाख के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया. इसके पश्चात शांति धाम परिसर गोघटपुर में पौधारोपण एवं नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया.

राठौर समाज धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में राठौर समाज धर्मशाला निर्माण हेतु पांच लाख रुपए की राशि देने की स्वीकृति दी. इस अवसर पर सरपंच योगेश गुप्ता, हनुमान पाटीदार, मुकेश राठौड़, बलवंत सिंह चौहान, श्यामसिंह पटेल, दामोदर पाटीदार, गोविंद मेरोठा,भेरुलाल प्रजापति, दिनेश राठौड़ जन शिक्षक प्रेम वर्मा, गोविंद सिंह चौहान आदि मौजूद रहे.

# गुमराह कर मेंटेनेंस के लिए परमिट लिया

**विद्युत लाइन के समीप मकान की डल रही थी छत**

**अधिकारियों को गुमराह कर लिया परमिट, गर्मी में परेशान हुए नागरिक**

**नवभारत न्यूज**

**पड़ाना 17 अगस्त. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण केंद्र मऊ के तहत पड़ाना में रविवार को अजीबोगरीब मामला देखने में आया नगर में अधिकारियों को गुमराह करते हुए मगराना क्षेत्र में विद्युत कार्य के लिए मैंटेनेंस के नाम पर परमिट लिया गया. जबकि एक मकान की छत डाली जा रही थी जिसके समीप से विद्युत लाईन निकली है.**

जानकारी के अनुसार लाइनमैन के द्वारा विद्युत विभाग सारंगपुर के अधिकारियों को गुमराह करते हुए यह परमिट लिया गया कि मगराना क्षेत्र में विद्युत कार्य के लिए मेंटेनेंस करना है परंतु मामला चौंकाने वाला सामने आया कि रविवार को आवास कलोनी में एक व्यक्ति जिसके निजी मकान से सटकर 11 केवी विद्युत लाइन गुजर रही है. छत डलने के दौरान विद्युत विभाग में किसी भी प्रकार का कोई आवेदन विद्युत सप्लाई बंद करवाने के लिए नहीं दिया गया तथा नगर के लाइनमैन से साठ - गांठ कर सारंगपुर के सहायक यंत्री द्वारका प्रसाद मिश्रा को गुमराह करके प्रात: 10 बजे परमिट लिया गया.

जबकि लाइनमैन सहित अन्य लोग आवास कालोनी एवं बाजार में बैठे रहे मेंटेनेंस के नाम पर करीब 6 घंटे मऊ विद्युत वितरण केंद्र के लगने वाले पड़ाना नगर सहित दर्जनों गांवों की बिजली बंद करवा दी जो की दोपहर 2.57 बजे आई जिसके चलते उपभोक्ता परेशान होते नजर आए.भीषण गर्मी के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

लाइनमैन के द्वारा गुमराह किया गया की मगराना क्षेत्र में विद्युत कार्य करना है तथा मुझे यह नहीं बताया गया कि पड़ाना में 11केवी लाइन गुजरने के समीप मकान की छत डल रही है . द्वारका प्रसाद मिश्रा

**श्री मिश्रा**
**सहायक यंत्री सारंगपुर**

**पेंचवर्क** पेंचवर्क के नाम पर विभाग ने औपचारिकता निभाई, आवागमन में दिक्कतों का सामना

# पेंचवर्क भी राहत नहीं दे पाया उखड़ी सड़कों पर

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 अगस्त. सड़क, पुल, पुलियाओं की हालत बारिश में और भी बदहाल हो गई है, बीच-बीच में विभाग द्वारा पेंचवर्क कराया गया किंतु यह पेंचवर्क कुछ घंटे भी नहीं टिक पाया. ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पेंचवर्क के नाम पर औपचारिकता निभाई गई. पेंचवर्क के बाद सड़को के वही हाल है. विशालकाय गड्ढे , उखड़ी सड़को पर चहुंओर गिट्टी बिखरी पड़ी है जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है.**

जुलाई माह के आखिरी दिनों में कई दिनों तक हुई तेज बारिश



ने सड़को को बुरी तरह उखाड़ दिया. पानी के प्रहार से सड़क, पुल, पुलिया बुरी तरह उखड़ गये. सिविल अस्पताल रोड पुल, इंदौर नाका का पुराना पुल, राजगढ़ रोड, सुठालिया बायपास पर कई जगह रोड उखड़ गया है.

### अस्पताल रोड पुल पर जोखिम

सिविल अस्पताल रोड स्थित नदी पुल बुरी तरह उखड़ गया है. यहां से आवागमन में काफी जोखिम बना रहता है. जबकि काफी व्यस्त यातायात यहां है. दुपहिया वाहन चालक, पैदल राहगीर जैसे-तैसे जोखिम उठाकर पुल पार कर पा रहे है. खासकर दुपहिया वाहनों जरा भी अनियंत्रित होने पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है.

### सुठालिया बायपास की फजीहत

स्थानीय सुठालिया बायपास की दयनीय स्थिति खुद ब खुद मार्ग की दुर्दशा को बयां कर रही है. मार्ग उखड़ कर उस पर पानी भरा हुआ है जो किसी मिनी तालाब सा नजर आता है. नाली नहीं होने, पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बायपास मार्ग की अधिक दुर्दशा हुई है. करोड़ो की लागत से बना रोड आज बदहाली में है.

### बेहतर पेंचवर्क दे सकता राहत

यदि उखड़े मार्ग पर बेहतर तरीके से मजबूती के साथ पेंचवर्क कर दिया जाये तो इससे काफी कुछ राहत आवागमन में मिल सकती है . किंतु पेंचवर्क के नाम पर उखड़े रोड पर ऊपर ही ऊपर मिट्टी, मुरम, गिट्टी या अन्य मटेरियल डाल दिया जाता है जो कि वाहनों के पहिए, तेज बारिश से उखड़ जाता है . हालात यह है कि पेंचवर्क के कुछ घंटे बाद ही गिट्टी, मुरम बिखरी नजर आती है . यदि यही पेंचवर्क गुणवत्ता पूर्ण तरीके से मजबूती के साथ किया जाये तो यह अधिक समय तक टिकेगा और आवागमन में सुविधा होगी .